nt>

Title: Need to ensure proper remunerative prices for onion and cotton cultivators in Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान के अलवर जिले से जहां से मैं चुनकर आता हूं, उस क्षेत्र में इस बार प्याज और कपास की अच्छी फसल हुई है। लेकिन मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि राजस्थान में किसानों से एक या दो रुपये कि.ग्राम की दर से भी प्याज नहीं खरीदा जाता है। किसान प्याज को मंडी तक ले जाने में हिचकिचाते हैं क्योंकि दिन भर ट्रक और ट्रॉली खड़ी करने के बाद भी, कोई उचित खरीदार मिले या नहीं मिले, इसलिए उन्हें वहीं पर प्याज औने-पौने दामों में बिखेरकर आनी पड़ती है। इसलिए मेरा निवेदन है कि केन्द्रीय कृाि मंत्रालय के माध्यम से इस प्रकरण की जांच की जाए ताकि किसानों को उचित मूल्य मिले। ठीक इसी तरह से कपास की खेती के बारे में भी मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जहां पिछले साल नरमा और कपास 2500 रुपये क्विंटल के भाव बिका करता था, इस बार मात्र 1400 और 1500 रुपये की कीमत मिल रही है। ऐसी स्थिति में, जबकि कृाि के उत्पादन मूल्य इतने कम हैं, वैसे अगर हम बाजार में प्याज खरीदने जाते हैं तो 10-12 रुपये से लेकर 15 रुपये तक के भाव पर हमें मिलती है ।अध्यक्ष महोदय, किसानों को एक रुपए या दो रुपए भी नहीं मिल रहे हैं। अतः मेरा निवेदन है कि कृाि मंत्रालय इस मामले की जांच करे।

अध्यक्ष महोदय, किसानों को एक रुपए या दो रुपए भी नहीं मिल रहे हैं। अतः मेरा निवेदन है कि कृाि मंत्रालय इस मामले की जांच करे।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 1415 hours.

13.15 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen Minutes

past Fourteen of the Clock.

_______-

14.24 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Ttwenty-Four

Minutes past Fourteen of the Clock.

(Dr. Laxminarayan Pandey *in the Chair*)

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : सभापति महोदय, पंजाब के गांव पत्तरेवाला में एक बहुत बुरी घटना हुई है। â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : हाउस शुरू होने दीजिए। अब हम आइटम नम्बर 15 लेते हैं।

श्री अविनाश राय खन्ना : मैं एक बहुत गम्भीर मामला उठाना चाहता हूं। पत्तरेवाला गांव में दलितों को जूते में पेशाब डाल कर पिलायी गई और प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have drawn the attention of the House.

The House shall now take up Item No. 15. Shri Dushyant Singh.